दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 02 अंक :- 293 मुरादाबाद, 20 February 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## केंद्रीय गृहमंत्री बोले- छत्रपति शिवाजी सिर्फ नाम नहीं बल्कि विचारधारा, मुगलों से दिलाई मुक्ति



छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वराज के आदर्शों और लक्ष्यों का हवाला देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करने के लिए नहीं बल्कि देश को मुगल वंश से मुक्त करने के लिए यह शब्द (स्वराज) गढ़ा और उनके उत्तराधिकारियों ने उनके विचार को आगे बढ़ाया केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि एक विचारधारा थे क्योंकि उनकी प्रेरणादायक जीवनकथा ने पीढ़ियों को अपनी भाषा और धर्म को गर्व के साथ पेश होना सिखाया और अपने नैतिक कर्तव्यों का निर्वहन करने और स्वराज का बचाने के लिए अपना जीवन देने के लिए तैयार रहना सिखाया।

### छत्रपति शिवाजी की शिक्षाओं को बताएगा थीम पार्क

शाह ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित थीम पार्क %शिव सृष्टि% के पहले चरण के उद्घाटन के मौके पर यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, यह थीम पार्क न केवल छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रेरणादायक जीवन की कहानी को दर्शाएगा, बल्कि भावी पीढ़ियों को उनके जीवन के सबक और शिक्षाओं को भी बताएगा। उनकी शिक्षाएं लोगों को गर्व के साथ अपनी भाषा और धर्म का अभ्यास करने और स्वराज के लिए अपने जीवन का बलिदान करने के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित करेंगी।

### थीम पार्क में इस्तेमाल होगी प्रोजेक्ट मैपिंग और 4डी तकनीक

उन्होंने कहा कि यह थीम पार्क लेखक और कवि बाबासाहेब पुरंदरे के सपनों को साकार करने में भी मदद करेगा। पुरंदरे को छत्रपति शिवाजी महाराज पर उनकी रचनाओं के लिए जाना जाता है। शाह ने कहा, थीम पार्क में होलोग्राफी, प्रोजेक्ट मैपिंग, मिनिएचर मोशन सिमुलेशन, 3डी-4डी तकनीक, लाइट एंड साउंड तकनीक होगी। यह सब इतिहास को पुनर्जीवित करेगा और न केवल महाराष्ट्र के लोगों को बल्कि पूरे देश को प्रेरित करेगा।

### मुगल वंश से मुक्त करने के लिए गढ़ा स्वराज शब्द

छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वराज के आदर्शों और लक्ष्यों का हवाला देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करने के लिए नहीं बल्कि देश को मुगल वंश से मुक्त करने के लिए यह शब्द (स्वराज) गढ़ा और उनके उत्तराधिकारियों ने उनके विचार को आगे बढ़ाया।

### मुगलों द्वारा नष्ट किए गए मंदिरों का शिवाजी ने किया पुनर्निर्माण

स्वराज के पीछे का विचार मराठा साम्राज्य का गौरव पूरे देश में ले जाना नहीं था। कटक, गुजरात से लेकर बंगाल तक, मुगलों ने हर जगह सबसे ज्यादा शासन किया। यह छत्रपति शिवाजी महाराज थे जिन्होंने गुजरात को मुगलों से मुक्त कराया और स्वराज के अपने संदेश को आगे बढ़ाया। शिवाजी महाराज के मार्ग का अनुसरण किया और अपने शासन के दौरान मंदिरों के फिर से विकास के लिए काम किया।

## विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस पर ही हो गया ईंट-पत्थर से हमला, भागकर बचाई जान, कई लोग हिरासत में



यूपी के जौनपुर जिले के कर्तिहा गांव में रविवार को एक जमीन को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पर एक गुट ने ईंट पत्थर से हमला कर दिया। पुलिसकर्मियों ने भाग कर जान बचाई और थाने को सूचना दी। यूपी के जौनपुर जिले के कर्तिहा गांव में रविवार को एक जमीन को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पर एक गुट ने ईंट पत्थर से हमला कर दिया। पुलिसकर्मियों ने भाग कर जान बचाई और थाने को सूचना दी। बक्शा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने 12 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। हमले में दो सिपाहियों को हल्की चोटें आईं हैं। आरोप है कि बक्शा थाने की पुलिस ने गांव पहुंचकर महिलाओं व पुरुषों की पिटाई की है। बक्शा थाना क्षेत्र के कर्तिहा गांव निवासी अब्दुल खालिक ने रविवार सुबह थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि विपक्षी नसीन, उरफी, सैफ, अमन और कसीम इमामबाड़ा बनवा रहे हैं। इसका दरवाजा मेरे पुस्तैनी जमीन की तरफ लगवा रहे हैं। मना करने पर विपक्षी विवाद कर रहे हैं। थाने से सिपाही चंदन यादव और राजू मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों को समझा बुझाकर निर्माण रोककर थाने चलने की बात कही। इस पर निर्माण करने वाला पक्ष आक्रोशित हो गया।

दोनों सिपाहियों पर ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। घटनास्थल से भागकर सिपाहियों ने जान बचाई और थाने में सूचना दी। थोड़ी ही देर में थानाध्यक्ष बड़ी संख्या में पुलिस टीम को लेकर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने करीब दर्जनभर महिला व पुरुष को हिरासत में लेकर थाने पहुंचे। दूसरी तरफ हिरासत में लिए गए लोगों के परिजनों ने पुलिसकर्मियों पर हमले से इंकार किया। दो युवकों को पकड़ने के चक्कर में सिपाही गिर गए और उन्हें चोटें आईं। मामले में थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने कहा कि इमामबाड़े के दरवाजे को लेकर दो पक्षों में विवाद था। शिकायत पर पुलिस गई थी। निर्माण करने वाले लोगों पुलिस टीम पर हमला कर दिया। दो सिपाहियों को हल्की चोटें आईं। कुल 20 नामजद व 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## सपा विधानमंडल दल की बैठक में शामिल हुए शिवपाल सिंह यादव, सरकार को घेरने की बनाई रणनीति



रविवार को शिवपाल सिंह यादव सपा विधानमंडल दल की बैठक में शामिल होने के लिए पार्टी कार्यालय पहुंचे। बैठक में विधानसभा सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों को लेकर चर्चा की सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव रविवार को विधानमंडल दल की बैठक में शामिल होने के लिए लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां मौजूद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित सभी विधायकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।बताया जा रहा है कि बैठक में तय किया जाएगा कि विधानसभा सत्र के दौरान पार्टी किन मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। हालांकि अभी तक कानपुर प्रकरण को जोड़ते हुए कानून व्यवस्था, जातीय जनगणना आदि मुद्दों को प्रमुखता के तौर पर उठाने की रणनीति है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव करीब 7 साल बाद रविवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे हैं। 2017 में हुए विवाद के बाद वह पार्टी दफ्तर छोड़ दिए थे। पिछले दिनों विधानसभा चुनाव के दरमियान भी वह पार्टी कार्यालय में जाकर सिंबल लेने जनेश्वर मिश्रा ट्रस्ट पहुंचे थे।विभिन्न दलों के साथ होने वाली बैठक में भी वह ट्रस्ट में ही जाते थे। फिलहाल रविवार को उनके पार्टी कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम सहित अन्य विधायकों ने उनका स्वागत किया।

## लोनी में निर्माणाधीन फैक्ट्री की शटरिंग गिरी, 2 मजदूरों की मौत; आठ सुरक्षित निकाले



गाजियाबाद- लोनी कोतवाली क्षेत्र के रूप नगर औद्योगिक क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब तीन बजे निर्माणाधीन फैक्ट्री की शटरिंग अचानक भरभरा कर गिर गई। उसके नीचे करीब आठ कामगार दब गए। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण रवि कुमार के अनुसार, दो कामगारों की मौत हो गई है। मलबा हटाकर आठ घायल कामगारों को निकाला जा चुका है। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, मदल पाल शर्मा रूप नगर औद्योगिक क्षेत्र में चार सौ गज के प्लाट में फैक्ट्री का निर्माण करा रहे हैं। रविवार को 20 फीट पर लेंटर डालने के लिए कामगार शटरिंग लगा रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे शटरिंग अचानक गिर गई। करीब 12 कामगार उसके नीचे दब गए। चीख-पुकार मच गई।सूचना स्थानीय पुलिस, अग्निशमनकर्मी, नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तीन जेसीबी के मदद से मलबा हटाना शुरू किया। करीब एक घंटे में पांच घायल कामगारों को बाहर निकाला। उनकी पहचान बलराम नगर के सन्नी, बलकेश, सुनील, शमीम व राजेश के रूप में हुई।

### आलाधिकारी पहुंचे

सूचना पर पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण रवि कुमार सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे गए। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची है। शटरिंग को कटर से काटा जा रहा है। डाग स्क्वाड की भी मदद ली जा रही है। अधिकारियों की निगरानी में बचाव कार्य चल रहा है।

### अफरा-तफरी का माहौल

हादसे के बाद से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। मौके पर भारी भीड़ जुटी है। उन्हें संभालने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि स्थानीय लोग मदद भी कर रहे हैं। इस मामले में अब तक किसी भी अधिकारी का कोई बयान नहीं आया है।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- भेदभाव छोड़िए, प्रत्येक भारतीय के पूर्वज हिंदू; दिया सद्भावना का संदेश




बरेली में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सर संघचालक मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों और उनके परिजनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जाति का भेदभाव छोड़िए। हम सभी हिंदू हैं, जो दूसरी जातियां अलग-अलग धर्म अपनाए हुए हैं। उनके पूर्वज भी हिंदू थे। हमें विभिन्न जातियों, पंथ, भाषाओं और क्षेत्रों के परिवारों के साथ मित्रवत संबंध बनाकर उनके साथ नियमित रूप से मिलन, भोजन और चर्चा करनी चाहिए। विभिन्न आर्थिक स्तर के परिवारों के बीच परस्पर सहयोग की भावना जागृत हो, स्वयंसेवकों को इसके लिए प्रयास करना चाहिए। संघ प्रमुख अपने बरेली प्रवास के चौथे दिन कुटुंब स्नेह मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा कि सक्षम, संपन्न और वंचित परिवारों के बीच परस्पर सहयोग की भावना होने पर कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का खुद ही निराकरण हो जाएगा। स्वयंसेवक परिवारों के जीवन का मंत्र देशार्चण, सद्भभाव, ऋणमोचन और अनुशासन होना चाहिए। देशार्चण से तात्पर्य है कि हमें देश की पूजा करनी चाहिए, अर्थात भारत के प्रति समर्पण भाव रखना चाहिए।

### सद्भावना का दिया संदेश

मोहन भागवत ने कहा कि हमें सबके प्रति सद्भभावना का व्यवहार रखते हुए मित्रों के कष्टों का निवारण करने और अपनी संगति से उन्हें सुधारने का भी प्रयास करना चाहिए। स्वयंसेवक परिवारों से मित्रता के छह गुणों को अपनाने का आह्वान किया। कहा कि हमें जो वस्त्र और भोजन आदि प्राप्त होते हैं, वह समाज के अलग-अलग वर्गों के हम पर ऋण हैं। हमें इन ऋणों को उतारना चाहिए। जो लोक कल्याण की भावना से अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तैयार रहते हैं, उन्हें युगों-युगों तक याद रखा जाता है। उन्होंने चौथा मूल मंत्र अनुशासन को बताया। कहा कि अनुशासन के बिना कोई भी समाज या राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। राष्ट्र को एक बार फिर विश्वगुरु बनाने के लिए हमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासित रहना चाहिए। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले सौ वर्ष में संघ का काफी विस्तार हुआ है। संघ की विचारधारा से प्रभावित होकर देश के लोग अब संगठन की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखने लगे हैं। अपनी मूल परंपराओं और संस्कृति से जुड़े रहकर प्रगति करना चाहते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि स्वयंसेवकों के आचरण से ही समाज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छवि बनती है। स्वयंसेवकों का आचरण जितना अच्छा होगा, संघ की छवि उतनी अच्छी बनेगी। स्वयंसेवकों को सप्ताह में कम से कम एक दिन स्मार्टफोन को छोड़कर परिवार और मित्र परिवारों के साथ बैठकर भोजन करने के अलावा राष्ट्र और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विषयों पर चर्चा अवश्य करनी चाहिए।संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जाति का भेदभाव छोड़िए। हम सभी हिंदू हैं, जो दूसरी जातियां अलग-अलग धर्म अपनाए हुए हैं। उनके पूर्वज भी हिंदू थे।



# संपादकीय Editorial

## Radio also run 24 hours

Union Information and Broadcasting Minister Anurag Thakur handed over the gift of 24-hour telecast to DD Himachal channel, deepening Himachal's relationship with Doordarshan. This is a much awaited achievement and with this the cultural background of Himachal, diverse dimensions of life and economic-social aspects get voice. The possibilities will now increase for the folk artists of Himachal, provided changes are brought in the production and presentation as well. It is noteworthy that Doordarshan's network in Himachal Pradesh is still in its nascent stage. Due to production and other facilities only in Shimla, the representation of the rest of Himachal becomes weak. In such a situation, if DD Himachal has to move ahead with variety and urgency in its programmes, then it will have to develop its studios in cities like Mandi and Dharamshala as well. Although the minister has given an assurance that now the outline of the programs will change in the context of Himachal Pradesh and the picture of the entire state will be visible from this centre, but necessary staff and equipment will be needed for this. This is also because AIR's Dharamshala and Hamirpur centers have become almost irrelevant due to lack of suitable staff.

The Regional Broadcasting Center of Dharamshala is also reduced to mere formality of programs under low level officials. By law, if all the three FM radios are also connected with Akashvani center of Shimla, then information and entertainment would be available to the listeners round the clock from the perspective of Himachal. Even today eighty percent areas of Himachal are able to connect themselves through radio, so the place of Himachali will have to be increased in its effect. AIR Shimla has its own records, especially due to the presentation of programs on agriculture, horticulture and folk songs and music, this center has proved to be a boon for remote areas. By now, giving priority to the cultural aspect of Mandi, the broadcasting station of All India Radio should have been opened there too, but in contrast, the radio stations of Hamirpur and Dharamshala are also losing their utility. Obviously, the introduction of digital media has increased the speed of news and information.

Not only has it increased, but has also increased its reach. In such a situation, All India Radio and Doordarshan will have to change their entire demeanor and working style. Under any circumstances, DD Himachal sitting in Shimla will neither reach the soul of the news nor will it be able to catch the speed of digital media. In this situation, along with Shimla studio, Doordarshan should also start production centers in Mandi and Dharamshala. There is no doubt that there is no dearth of interesting information, activities and various aspects of life in the religious, cultural, heritage and tribal side of Himachal, yet there will be a challenge to outline the programs and catch the preferences of the audience and listeners. The audience in Himachal is either getting entertainment and information while driving or using mobile to connect with YouTube and Facebook.

If Doordarshan and Radio have to increase their share in the information and entertainment world, then apart from car radio, they will have to enter mobile as well. This resolution will not be fulfilled without reaching Himachal Radio channel beyond DD Himachal. Union Minister Anurag Thakur should pay attention to Doordarshan as well as All India Radio. Himachal All India Radio will also have to reach 24 hours broadcasting by connecting Shimla, Shimla FM and Dharamshala-Hamirpur radio stations together. The broadcasting services of the dying All India Radio have to understand the need of life-giving.

# Shiv Shastri Balboa Actress Nargis Fakhri is taking dance and martial arts training, said this for Hindi



After staying away from Hindi cinema for almost two years, Nargis Fakhri has made a comeback with the recently released 'Shiv Shastri Balboa'. According to Nargis, now the audience will get to see her new look. What was the reason for taking a break from the film industry?- I was about to come to India just before the corona pandemic broke out, but suddenly things changed. Due to which I had to stay away from India and cinema for a long time. Now I am back. - What strategies do you plan to work with now? - I think this is my new avatar. I have left my things behind and become a new girl. I am also excited about the fact that the industry has also changed now. I want to do web series to try myself in different roles. How do you feel about the difference in thinking between the two generations? - I was born in America, so I can totally relate to it. Having lived in India for over a decade, I have understood the generational and cultural differences here. Yes, children as well as adults have to make some adjustments according to them. Apart from Hindi, what other skills are you working on developing? - I want to keep improving my every skill. Apart from losing weight, I also want to keep polishing dance and martial arts. As far as Hindi language is concerned, I do not speak Hindi in front of many people, I get nervous. I want to keep practicing these things continuously. When did the need for a change in working style feel? - At the time of 'Rockstar' I was just this simple hearted girl who used to smile at trees and birds. Then felt that now there is a need to be serious. Acting is not just a hobby, it is also a job and a business. So the business side of it had to be learned as well. Ever felt that more projects should have been done? - I agree. By the end of this year or early next year, my number of projects will increase. This year I will be doing more number and quality projects.

# Nehha Pendse of 'May I Come in Madam' suffered imbalance while doing yoga, fans said- Sister-in-law, be careful.



Neha Pendse who will be seen in May I Come In Madam has shared a video on Instagram. In this, she can be seen doing yoga wearing a leopard print dress. The special thing is that she is also shooting videos. She has taken up a challenge but in the meantime she loses her balance and becomes unbalanced. However, she manages to catch herself and survive the fall, but the entire incident is captured in the video. Neha Pendse shared the video on Instagram.Now Neha Pendse has shared it on Instagram. It has got more than 37 thousand likes in 5 hours. At the same time, 367 comments have been made on the video. While sharing the video, not Neha Pendse, it is written, 'I have completed this challenge.' Apart from this, he has also posted a sensible emoji. People are making funny comments on the video- Neha Pendse's People are making funny comments on Neha Pendse's video. One has written, 'Carefully don't fall.' One has written, 'Ha ha .. you have failed.' One has written, 'How many times did you practice.' One has written, 'You have to pay to get more exercise.' One has written, 'The pot is comfortably behind.' While one has written, 'Ask Mr. Sajan, he will help you.' One has written, 'Sister-in-law, take care.' One has written, 'Carefully my dear Neha.' One has written, 'Be careful, be careful.' Neha Pendse has worked in many shows - Neha Pendse is a television actress. He has worked in many shows. He is also quite active on social media. She often shares her pictures and videos on social media, which her fans like a lot. She also often interacts with her fans.

# Boman Irani's son is going to debut in Bollywood, the actor wrote a heart touching note

Boman will soon be seen in Rajkumar Hirani's film Danki. Shahrukh Khan is playing the lead role in the film. Please tell that Boman was last seen in height. Boman Irani is considered a seasoned artist of the Hindi film industry. Till now he has played memorable characters in many films. Now like Boman, his son Kayoj Irani is also going to step into Bollywood. However, like his father, he is not going to start his innings behind the scenes but in acting. He will soon be seen directing a feature film. Boman is very happy with his debut. Boman wrote an emotional note - While sharing a photo on social media, he has written a heart touching note for his son. The actor wrote, "Our son Kayo is leaving today to direct his feature film. Lots of blessings son. Be sure to send us pictures from the first day of shoot." Many of his friends from the industry have also reacted to this post of Boman. Commenting on this, Farah Khan wrote, "All the best Kayo." Apart from this, Vicky Kaushal wished him by making a heart emoji in the comment box. Will be seen in Danki Talking about the work front, Boman will soon be seen in Rajkumar Hirani's film Danki. Shahrukh Khan is playing the lead role in the film. Please tell that Boman was last seen in height. He was accompanied by Amitabh Bachchan and Anupam Kher in the lead roles in the film. It was directed by famous director Suraj Barjatya. This film based on friendship was very much liked by the audience. The film's performance at the box office was also satisfactory.



# अनवर से तंग आकर आराधना ने दी जान: लिव इन में थे दोनों, पत्नी इरम के घर शव छोड़कर भागा; पहले से हैं दो



मुरादाबाद-बुधवार रात करीब नौ बजे अनवर ऑटो से आराधना को साथ लेकर दूसरी पत्नी इरम के घर दौलत बाग पहुंचा था। यहां आरोपी ने बताया कि आराधना बीमार है। इसके बाद वह डॉक्टर लेकर आने की बात कहकर वहां से भाग गया था। धर्म परिवर्तन के दबाव से तंग आकर आराधना ने आत्महत्या की थी। शनिवार को सिविल लाइंस पुलिस ने कार डीलर अनवर खां को गिरफ्तार कर इसका खुलासा किया। आरोपी ने पूछताछ में कबूला है कि उसने धर्म परिवर्तन के लिए आराधना पर दबाव बनाया था। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि नागफनी थानाक्षेत्र के मोहल्ला बाग गुलाब राय निवासी अनवर खां कांठ रोड पर पीएसी तिराहे के पास पुरानी कारों की खरीद-फरोख्त का काम करता है। इसके अलावा वह प्रॉपर्टी डीलिंग भी करता है। आरोपी के दफ्तर में मझोला थाना क्षेत्र के शाहपुर तिगरी निवासी आराधना (28) पुत्री योगेंद्र रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करती थी। इस दौरान दोनों के बीच संबंध हो गए थे। इसके बाद आरोपी अनवर ने सिविल लाइंस के वेव ग्रीन कॉलोनी में उसे किराये पर मकान लेकर दे दिया था। यहां दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे। बुधवार रात करीब नौ बजे ऑटो से आराधना को साथ लेकर दूसरी पत्नी इरम के घर दौलत बाग पहुंचा था। यहां आरोपी ने बताया कि आराधना बीमार है। इसके बाद वह डॉक्टर लेकर आने की बात कहकर वहां से भाग गया था। इसके बाद वापस नहीं आया। इरम की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस आराधना को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। गुरुवार दोपहर पुलिस ने युवती के शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें लटकने से मौत होने की पुष्टि हुई थी। इस मामले में सिविल लाइंस थाने में आराधना के भाई आदित्य की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस किया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी पहले से दो पत्नियां हैं। अब आराधना भी शादी के लिए दबाव बना रही थी। मैंने उस पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। उसे कहा था कि वह तब ही निकाह करेगा। जब वह धर्म परिवर्तन कर लेगी। इससे तंग आकर वह दुपट्टे को फंदा बनकर पंखे से लटक गई थी। मैंने उसे फंदे से उतार और उसे अस्पताल लेकर जा रहा था रास्ते में मैंने सोचा अस्पताल में फंस सकता हूं। इस लिए दूसरी पत्नी के घर छोड़कर भाग गया था। सीओ सिविल लाइंस अनूप सिंह ने बताया कि शनिवार शाम आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# आजम के रुतबे पर हथौड़ा: मुस्लिम महासंघ ने बापू मॉल के पास लगे शिलापट्ट को तोड़ा, लिखा था खां-अखिलेश का नाम



2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बापू मॉल का उद्घाटन किया था। शिलापट्ट पर तत्कालीन कैबिनेट मंत्री आजम खां और कुछ अन्य लोगों का नाम अंकित थे। इस शिलापट्ट को रविवार को दोपहर में अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान ने हथौड़े बरसा तोड़ दिया। बापू मॉल के पास लगे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के नाम के शिलापट्ट को अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान ने हथौड़े बरसाकर तोड़ दिया। नगरपालिका की ओर से इस मामले में तहरीर दे दी गई है और नया शिलापट्ट बनाने के ऑर्डर दे दिए गए हैं। कोतवाली में आरोपी के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पालिका के ईओ का दावा है कि रविवार की रात तक ही नया शिलापट्ट लगा दिया जाएगा। 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बापू मॉल का उद्घाटन किया था। जिसका शिलापट्ट पर वहां लगा हुआ था। शिलापट्ट पर तत्कालीन कैबिनेट मंत्री आजम खां और कुछ अन्य लोगों का नाम अंकित थे। इस शिलापट्ट को रविवार को दोपहर में अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान ने हथौड़े बरसा तोड़ दिया। अखिलेश यादव का शिलापट्ट तोड़ जाने का वीडियो वायरल होने के बाद नगरपालिका की ओर से इस मामले में कोतवाली में तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी को को हिरासत में ले लिया है।

वहीं फरहत अली खान का कहना है कि उनका विरोध अखिलेश यादव से नहीं है। उनका विरोध आजम खां को लेकर है। फरहत का कहना है कि आजम खां अपराधिक छवि के व्यक्ति हैं। उनके खिलाफ लगभग एक सौ मुकदमे दर्ज हैं और दो मामलों में उनको सजा भी हो चुकी है। आजम खां ने सत्ता में रहते हुए रामपुर के लोगों पर जुल्म और ज्यादती की है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 90 युवाओं से ठगे तीन करोड़ रुपये

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- अलीगंज-युवाओं को नौकरी दिलवाने के नाम पर करोड़ों रूपये ठग लिए। रूपये देने के बाद भी नौकरी न लगने के बाद युवाओं ने रूपये वापस मांगे तो युवाओं को रूपये भी नहीं मिले है। मामले की शिकायत डीएम कार्यालय में की गई। अलीगंज पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक दिन में 19 शिकायतकर्ताओं ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी पर गालियां देने और धमकी देने का भी आरोप है। कोतवाली अलीगंज के गांव नगला मधई निवासी नेपाल सिंह पुत्र धर्म सिंह कस्बा में लोकवाणी केंद्र चलाते हैं। इसी के पास आजम खां नाम का व्यक्ति आकर बैठता था। यह एक एनजीओ चलाने की बात कहता था। पीड़ित के अनुसार जल मिशन के तहत हर गांव में पानी की ओवरहैंड टैंक बनाए जा रहे हैं। इन पर दो-दो ऑपरेटर, एक महिला स्वास्थ्य कर्मी और सुपरवाइजर की नियुक्ति ब्लॉकों पर होगी जो उसके माध्यम कराई जाएंगी। आजम खां के साथ रूबी शाक्य भी अपने को अलीगंज ब्लॉक कर्मचारी बताती है। दोनों ने नेपाल सिंह से कहा कि दो माह के अंदर नियुक्तियां होनी है अपने परिचितों को नौकरी दिलवा सकते हैं। पीड़ित दोनों के झांसे में आ गया। नौकरी के लालच में रूपये दे दिए है। इतना ही नहीं ठगी की शिकार हुई युवतियों ने बताया कि सुपरवाइजर की नौकरी के लिए उनसे भी 30 हजार रुपया लिए गए। आरोप है कि कई गांव में जाकर युवाओं को नौकरी का झांसा दिया और लोकवाणी केंद्र लेकर आते थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दोनों ने करीब 90 युवाओं से नौकरी के नाम पर रूपये ठग लिए है। नौकरी न लगने पर पीड़ित ने रूपये मांगे। रूपये देने से इंकार कर दिया है। मामले की शिकायत डीएम कार्यालय, एसएसपी कार्यालय की गई। जिसके बाद अलीगंज पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## इन पीड़िताओं ने यह कहा

गांव तिसौली निवासी स्वेता मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य सखी में नौकरी लगवाने के लिये रूपये नेपाल सिंह के माध्यम से गए है। ब्लॉक में मीटिंग भी हुई थी। लेकिन समय बीतने के बाद अब तक न नौकरी लगी और न ही पैसे वापस किए गए है। गांव विजेदेपुर निवासी कौशकी राजपूत का कहना है कि स्वास्थ्य सखी, भाई की नौकर लगवाने के लिए रूपये नेपाल को दिए थे वह लगातार वायदा करते रहे कि जल्द पैसे वापिस होंगे। नोकरी के नाम पर उक्त तीनों लोगों ने बैठक की थी। कई माह बाद भी नौकरी नहीं लग पाई है।

## काम हो रहा है, यह देख लो प्रमाण

अलीगंज। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि जब भी वह नौकरी न लगने की बात कहते थे आजम एक पीडीएफ डालता था। इसमें दस्तावेज, फॉर्म हुआ करते थे। उन्हें भेजकर कहता था कि काम चल रहा है जल्द ही नौकरी लग जाएंगी। एडीएम कार्यालय में प्रार्थनापत्र दिया गया था। जिसकी जांच के लिए अलीगंज पुलिस को आदेशित किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। सबूतों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। अभी तक 19 युवाओं ने नौकरी के नाम पर ठगी करने का प्रार्थनापत्र दिया है।- प्रेमपाल सिंह, एसएचओ अलीगंज एटा

# लापता युवक का शव बंबा में पड़ा मिला, मचा कोहराम

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- बहन की गोद-भराई के बाद घर से निकले युवक का शव बंबा में पड़ा मिला। जानकारी पर पहुंचे एएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और घरवालों से जानकारी ली है। कोतवाली जलेसर के गांव अब्दुलहईपुर उर्फ बुद्धपुरा निवासी अजय (22) पुत्र प्रेमपाल हरियाणा में नौकरी करता था। कुछ दिन पहले गांव आया था। शुक्रवार को बहन की गोद-भराई हुई थी। देर शाम नूहखेड़ा में बाल कटवाने की कहकर घर से निकला था उसके बाद से वह घर नहीं लौटा था। शनिवार सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों ने शव बंबा में पड़ा देखा। शव की शिनाख्त कर पुलिस, घरवालों को सूचना दी। जानकारी पर सीओ जलेसर राघवेन्द्र सिंह राठौर, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाहा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में अभी तक कोई भी तहरीर पुलिस को नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि युवक के सिर में चोट लगी हुई थी। घरवालों ने किसी भी रंजिश से इंकार किया है। निधौली कलां पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। शुक्रवार को बहन की हुई थी गोदभराई एटा। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक हरियाणा में नौकरी करता था बहन की गोदभराई को लेकर गांव आया था। शुक्रवार को बहन की गोदभराई हुई थी

# समाजवादी संदेश साइकिल यात्रा का स्वागत करने कमाण्डो के नेत्रत्व में उमडा जनसैलाब



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अमांपुर ( कासगंज ) - कासगंज मुख्यालय से सपा जिलाध्यक्ष कुंवर देवेन्द्र सिहं यादव पूर्व सासंद के द्वारा हरी झन्डी दिखाकर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी के नेत्रत्व में अमांपुर पहुंची समाजवादी संदेश साइकिल यात्रा का अमांपुर नगर पंचायत के निवर्तमान चेयरमैन चांद मियां उर्फ कमाण्डो के नेत्रत्व में उमडे सपाईयों के जनसैलाब द्वारा सुगंधित फूल मालाऐं पहनाकर भव्य स्तर पर स्वागत किया गया ! आज कासगंज मुख्यालय से प्रारम्भ हुई समाजवादी संदेश साइकिल यात्रा अमांपुर से मोहनपुर वाया गंजडुंडवारा होती हुई लहरा पर समाप्त हो गई ! समाजवादी संदेश साइकिल यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा से सपाईयों द्वारा अभिनदंन किया गया अमांपुर नगर में नगर पंचायत के निवर्तमान चेयरमैन चांद मियां उर्फ कमाण्डो के कैंप कार्यालय पर पहुंचते ही कमाण्डो के नेत्रत्व में उमडे जनसैलाब ने यात्रा प्रमुख अब्दुल हफीज गांधी राष्ट्रीय प्रवक्ता समाजवादी पार्टी एवं विधान सभा अध्यक्ष मुनेन्द्र शाक्य का माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा कर किया ! ततपश्चात आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि अमांपुर के विकास के लिऐ यहां एक खेल स्टेडियम सहित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व डिग्री कालेज बनना चाहिए। हफीज गांधी ने आगे कहा कि गन्ना किसानों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इस भुगतान को शीघ्र किया जाना चाहिऐ इसी क्रम में सपा के पटियाली विधान सभा अध्यक्ष मुनेंद्र शाक्य ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। आवारा पशुओं से किसान परेशान है। कासगंज से अमांपुर होते हुए सिढ़पुरा तक डबल रोड बने। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर द्वेषपूर्ण करवाही न की जाए। साइकिल यात्रा का स्वागत करने वाले प्रमुख लोगों में ओमपाल सिंह बघेल, ठाकुरदास लोधी, गौरव भारद्वाज ,बबलू यादव, अरबाज खान, अली बहादुर, वीरेंद्र यादव, बॉबी गुप्ता, नसीर चमन , बॉबी पठान, बी.पी. , घनश्याम फौजी ,राधे राधे , बंटी , ठा.सुनील आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर हैं स्वयं सेवक-संजीव पांडेय



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- निधौली कलां के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज प्रणाम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के जिला कार्यवाह संजीव पांडे ने कहा कि राष्ट्र की सेवा के लिए यह स्वयंसेवक तत्पर हैं और इन्हें लगातार शाखा के माध्यम से राष्ट्र सेवा का ज्ञान अर्जित कराया जा रहा है। बाल्यकाल से बना स्वयंसेवक सबसे मजबूत और सशक्त पढ़ा लिखा स्वयंसेवक होता है। वह धरती माता, राष्ट्र सेवा ,गौ माता ,भारत माता सब की सेवा करना सीख जाता है ।नगर के सरसंघचालक संतोष गौड़ ने कहा कि 10 वर्ष पूर्व निधौली कला में स्वयंसेवक बहुत ही कम देखने को मिलते थे आज लगभग 200 स्वयंसेवक निधौली कला नगर में है और वह शाखा के माध्यम से राष्ट्रभक्ति सीख रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय इंटर कॉलेज से होकर नगर भ्रमण करते हुए मोहल्ला सादुपुरा की बगीची मैं जाकर समापन हुआ। इस अवसर पर संघ के सभी स्वयम सेवकों के ऊपर नगर भृमण के दौरान जगह जगह पुष्प वर्षा की गई और सभी को जलपान भी कराया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित नगर सरसंघचालक डॉक्टर संतोष गौड़, जिला कार्यवाह संजय पांडे, जिला प्रचारक विकास, जिला संपर्क प्रमुख मातादीन, जिला सेवा प्रमुख अरविंद सिसोदिया, नगर सेवा प्रमुख सुरेश चंद्र, नगर गौरक्षा प्रमुख अशोक कुमार, नगर विद्यार्थी प्रमुख अनमोल गुप्ता, नगर शिक्षा प्रमुख अजीत, खंड कारवांह गोविंद, नगर प्रचारक विवेक कुमार, नगर कार्यवाह अनुभव भारद्वाज,नगर सह कार्यवाह दीपक कुमार, नगर के सेवादार के रूप में नगर अध्यक्ष देवलाल लोधी, देवेंद्र कुमार लोधी एडवोकेट, चेतन जादौन ,पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि निशांत गुप्ता मोनी, रामकिशन वर्मा, नीरज गुप्ता राजीव कुमार गुप्ता, योगेंद्र सिंह, सुरेश चंद्र, बाल स्वयंसेवक यश राजपूत ,प्रतीक, प्रशांत ,चेतन, अंशुल, प्रभात, नितिन गुप्ता, कपिल राजपूत आदि सैकड़ों स्वयंसेवक पथ संचलन में शामिल रहे।

# यज्ञ का आयोजन




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जय भारत मंच के अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ के मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तथा जय भारत मंच के प्रेरक एवं हम सबके मार्गदर्शक परम आदरणीय डॉक्टर इंद्रेश कुमार जी के जन्मदिवस पर जय भारत मंच जिला एटा परिवार की तरफ से जिलाध्यक्ष राहुल गुप्त एड. के आवास पर उनके यशस्वी और दीर्घ जीवन की कामना करते हुए एक यज्ञ का आयोजन शाम 7बजे किया गया यज्ञ में जिला महामन्त्री अतुल भदौरिया,मानवेंद्र कुमार गुप्त एड.,शिशुपाल सिंह , रोहित भदौरिया,अनिल गुप्ता, संजय यादव,सिद्धार्थ सिंह आदि उपस्थित रहे तथा यज्ञ ब्रह्मचारी श्री वरुण शास्त्री जी ने पूरे विधि विधान से संपन्न कराया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# पुर्वसेवा की गणना को लेकर शिक्षक देंगे जिला स्तर पर धरना ,सौपेंगे मांगपत्र

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर - छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन की घोषणा की थी, जिसके तहत अप्रैल 2022 से सभी शिक्षको की एनपीएस कटौती बंद कर पुरानी पेंशन हेतु कटौती प्रारम्भ की गई है, अब 10 महीने बाद शासन, उसमे शासकीय सेवा का पेंच लगाकर हजारो शिक्षको को पुरानी पेंशन से वंचित कर रहा है। इससे लाखो शिक्षको को अल्प पेंशन की पात्रता मिलेगी, जिससे नाराज होकर 4 बड़े शिक्षक संघ संजय शर्मा - छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, वीरेंद्र दुबे - शालेय शिक्षक संघ, केदार जैन - संयुक्त शिक्षक संघ, विकास राजपुत - नवीन शिक्षक संघ ने पूर्व सेवा गणना शिक्षक मोर्चा गठित कर 20 फरवरी को रायपुर में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन की अनुमति नही मिलने के कारण 20 फरवरी को ही सभी जिला मुख्यालय में धरना, प्रदर्शन, रैली हेतु शिक्षको को आमंत्रित किया है, जिसके कारण अधिसंख्य शिक्षको ने हड़ताल में रहने हेतु सूचना दे दिया है। व्यापक पैमाने पर शिक्षको के हड़ताल में जाने के कारण हजारो स्कूल में तालाबंदी रहेगी, क्योकि पुरानी पेंशन से सभी एल बी संवर्ग के शिक्षक प्रभावित हो रहे है, साथ ही शालाओं में अध्यापन ठप्प रहेगा, दरअसल प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन, सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, व्याख्याता वर्ग को भी वन टाइम रिलेक्सेशन देने की मांग समाहित है। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह ने बताया कि वित्त विभाग व पेंशन शाखा के द्वारा अपरिवर्तनीय विकल्प पत्र शीघ्रता से जमा करने के आदेश से शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है, कई अधिकारी विकल्प पत्र भरे बिना वेतन नही देने की बात कर रहे है, जो मनमर्जी का परिचायक है, विकल्प के बिना वेतन रोकने का कोई भी आदेश नही है, इसी कारण कई अधिकारियों से शिक्षको को भिड़ंत भी है और शिक्षको में आक्रोश है। मुख्यमंत्री ने 2004 से जारी एनपीएस को भूतलक्षी प्रभाव से समाप्त कर दिया है, ऐसे में शासकीय कर्मचारी हो चुके एलबी संवर्ग को लाभ मिलना चाहिए, आदेश निकालकर शासकीय हो चुके शिक्षको के पेंशन पर कुठाराघात किया जा रहा है, इसके खिलाफ सभी वर्ग - संवर्ग के शिक्षक एकजुट होकर सभी जिला मुख्यालय में 20 फरवरी को धरना, प्रदर्शन, रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौपेंगे।

# शासकीय कन्या विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह हुआ संपन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर - शासकीय कन्या विद्यालय में कक्षा बारहवीं के छात्राओं को विदाई दिया गया एवं वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। शासकीय कन्या विद्यालय सूरजपुर के लिए भावुक पल था जब स्कूली जीवन बिताने के पश्चात 12 वीं के छात्राओं को विदाई दिया गया और आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए सभी विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दिया। विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में वार्ड पार्षद श्रीमती संजू सोनी, पार्षद श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, श्रीमती लता गोयल, प्रवेश गोयल, आनंद सोनी का गरिमामय उपस्थिति रही सभी ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दिया एवं पुरस्कार वितरण किया। इसी दिन कक्षा बारहवीं के छात्राओं द्वारा अपने गुरुजनों को स्कूली शिक्षा में अनमोल योगदान देने के लिए धन्यवाद अदा किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अनु कांडे द्वारा सभी अतिथियों को धन्यवाद एवं बोर्ड परीक्षार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं के साथ अथक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अमोन टोप्पो, डी सी राम, लिली नंदी, सुनील पांडे, अरुण चौबे, मंजू पाणिग्रही, शिल्पा ओझा, दर्शनी बड़ा, चंद्रकिरण सिंह, आर बी यादव, दीपक पटेल, शशिकला दुबे, अनुज नारायण दुबे, धनेश्वर यादव, राजीव लोचन मिश्रा, अजय पंडा, नेपाल कुमार साहू, शिवजतन पैकरा, संत सिंह, प्रशांत दुबे, सावित्री कुशवाहा, उर्मिला सिंह, दीपक सिंह, राहुल, शिव शंकर एवं समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# चोरी व हत्या में शामिल दो शातिर अपराधी गिरफ्तार




लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती- जनपद श्रावस्ती अंतर्गत थाना सिरसिया क्षेत्र में जमुनी कलां में चार घरों में चोरी व गांव के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति के हत्या की घटना घटित हुई थी। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुँच कर स्थित का जायजा लिया गया था। घटना के सम्बन्ध में थाना सिरसिया अज्ञात पंजीकृत किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा अतुल चौबे के नेतृत्व में घटना के सफल अनावरण हेतु क्राइम ब्रांच सहित 03 टीमें बनायी गयी थी। क्राइम ब्रांच व थाना सिरसिया पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ मे एक अभियुक्त ननकऊ मौर्या पुत्र प्यारेलाल निवासी मदरहवा थाना को0भिनगा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया था तथा दो अभियुक्त रात्रि का फायदा उठाते हुये फरार हो गये थे जिनकी गिरफ्तारी हेतु टीमें लगा दी गयी थी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु रू0 15000-15000 का इनाम घोषित किया गया था। थाना सिरसिया पुलिस के अथक प्रयास से 1.जगतराम पुत्र रामविलास यादव नि0- फत्तेपुर थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती 2. जगदम्बा विश्वकर्मा उर्फ डाक्टर पुत्र खरभन नि0- लक्ष्मन नगर थाना सोनवा श्रावस्ती को राजपुर मोड़ से 100 मीटर की दूरी चौकी की ओर जाने वाली पक्की सड़क से गिरफ्तार किया।प्रभारी निरीक्षक सिरसिया मय हमराही क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस मुठभेड़ से फरार इनामिया अभियुक्तगण जगतराम पुत्र रामविलास यादव नि0- फत्तेपुर थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती व हिस्ट्री शीटर जगदम्बा विश्वकर्मा उर्फ डाक्टर पुत्र खरभन नि0- लक्ष्मन नगर थाना सोनवा श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगणो के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त एक अदद बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल बिना नंबर की , सफेद धातु/चांदी की दो पायले, एक चैन, एक कमरबंद वजनी कुल 604 ग्राम , पीली धातु की मटरमाला एक अदद , आला कत्ल तीन अदद लाठी डण्डे बरामद किये गये।

# अपर आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया मुआयना

अरविंद कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती-देवीपाटन मण्डल गोण्डा के अपर आयुक्त राकेश चन्द्र शर्मा एवं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट का मुआयना किया। इस दौरान उन्होने आपदा अनुभाग, जिला सूचना कार्यालय, जिला पूर्ति कार्यालय एवं प्रशासनिक अधिकारी कक्ष का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त ने फाइलों के रख रखाव को और बेहतर ढंग से करने के साथ-साथ कलेक्ट्रेट स्थित सभी अनुभागों में आलमारी में रखी समस्त फाइलों को विषय वार सूचीबद्ध कर आलमारी के बाहर इंडेक्स चस्पा कराने का निर्देश दिया है, ताकि फाइलों को ढूंढने में सहूलियत मिल सके। उक्त के अतिरिक्त केन्दीय अभिलेखागार एवं राजस्व अभिलेखागार का मुआयना करने के दौरान परगनावार गांव की सूची बनाकर बस्तों में रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारी एवं पटल सहायक को निर्देश दिया। अभिलेखागार में अग्नि शमन यंत्र स्थापित पाया गया। उन्होने सभी अभिलेखों को हमेशा चुस्त-दुरूस्त रखने के साथ ही बस्तों के साफ-सफाई पर भी विशेष बल दिया। इसके साथ ही दाखिल दफ्तर होने वाली फाइलों को समय से अभिलेखागार में जमा करने हेतु सम्बन्धित पटल सहायकों को निर्देश दिया।

अपर आयुक्त ने राजस्व सहायक कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सम्बन्धित पटल सहायकों द्वारा देखे जा रहे कार्यो के बारें में भी जानकारी ली और कार्यो को व्यवस्थित ढंग से करने का निर्देश दिया। उन्होने ई-गर्वनेन्स कार्यालय का भी मुआयना किया। मुआयना के दौरान उन्होने आई0जी0आर0एस0 पर दर्ज शिकायतों एवं उनके निस्तारण की भी ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव से जानकारी ली। अपर आयुक्त ने नजारत के निरीक्षण के दौरान नायब नाजिर द्वारा देखे जा रहे कार्यो की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होने उपस्थित पंजिका सहित अन्य रजिस्टरों/अभिलेखों का भी अवलोकन किया तथा समय से सभी फाइलों एवं रजिस्टरों को हमेशा अपडेट रखने का निर्देश दिया। उन्होने आर0सी0 वसूली की पंजिका को अपडेट करने, आडिट आपत्तियों का निराकरण कराने तथा डेड स्टाक को भी सत्यापित कराने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होने रिट से सम्बन्धित पटल सहायकों को निर्देश दिया है कि पेंडिंग एवं काउन्टर फाइल लगी रिटों को हमेशा अपडेट कर सूचीबद्ध रखा जाए। स्थापना अनुभाग/भूलेख अनुभाग का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं एवं जी0पी0एफ0 पासबुकों की भी बारीकी से जांच किया तथा गत 6 माह पूर्व एवं आगामी 6 माह के अन्दर सेवानिवृत्ति होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होने सम्बन्धित पटल सहायक को पासबुकों को अपडेशन का निर्देश दिया। अपर आयुक्त ने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे प्रत्येक दशा में कार्यालय में समय से उपस्थित रहें और वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट स्थित समस्त कार्यालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए एवं अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखने पर विशेष बल दिया जाए। मुआयना करने के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डी0पी0 सिंह, उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, प्रशासनिक अधिकारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव, जिलाधिकारी आशुलिपिक चन्द्रमौली श्रीवास्तव एवं नाजिर अनूप तिवारी उपस्थित रहे।

# देहदान कर्त्तव्य संस्था ने नेत्रदान के प्रति किया जागरूक

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




अलीगढ - डॉ एस के गौड़ की अध्यक्षता में देहदान कर्त्तव्य संस्था ने गुरुजी गोलवलकर जी व छत्रपति शिवाजी जयन्ती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इगलास शाखा द्वारा रामलीला मैदान में रक्त/नेत्र दान, नेत्र परीक्षण एवं चशमा वितरण में आयोजित सभा को जागरूकता हेतु सम्बोधित किया। देहदान कर्तव्य संस्था के सदस्य भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार देहदान कर्तव्य संस्था के अध्यक्ष डॉ एस के गौड़ ने इस अवसर पर कहा कि जैसे आप सभी लोग आँखों की उपयोगिता के वास्ते नेत्र परीक्षण में लालायित हैं। ऐसे ही कल्पना कीजिए जो नेत्रों (कौरनिया) बिना रंगीन दुनियां देखने की आस असंख्य लोग छोड़ चुके हैं। नेत्रदान (मरणोपरांत) कर उनकी दुनियाँ में रंग भर सकते हैं। जिसमे आप का कुछ भी नुकसान नहीं। इस मानवीय कदम से स्वयं भी अदृश्य रूप से जीवित रहेंगे जब तक कौरनिया लेने वालो की साँस चलेगी। दुनिया से जाने से पहले नेत्रदान कर इस समाज का कुछ ऋण हल्का कर प्रसिद्ध हो जाइए। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इगलास से नगर व्यवस्था प्रमुख नितिन अग्रवाल ने कहा रक्त/नेत्रदान से बड़ा अन्य कोई महादान नही है । भारती रायजादा ने कहा कि हम सब को इस अभियान में सहयोगी बनना चाहिए। शिविर में 24 यूनिट खून एकत्रित हुआ मलखान सिंह की टीम द्वारा। लगभग 10 लोग नेत्रदान हेतु संकल्पित हुए। संघ टीम ने अलीगढ़ से पधारी देहदान कर्त्तव्य संस्था के सहयोगी बनने पर हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद कहा । आधुनिक , सत्यनारायण दीक्षित, दिलीप वार्ष्णेय, अजय राणा,किरण देवी भी सहयोगी बने।

# जिलाधिकारी ने कटरा श्रावस्ती स्थित एयरपोर्ट का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने जनपद के कटरा श्रावस्ती में स्थित एयरपोर्ट का निरीक्षण कर कराए जा रहे कार्यो का जायजा लिया, और गुणवत्तापूर्ण ढंग से मानक के अनुरूप अवशेष कार्यो को पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिया। उन्होने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के गाइडलाइन के अनुसार एयरपोर्ट के जो कार्य चल रहे है, उन अवशेष कार्यो को युद्धस्तर पर कार्य करके पूरा किया जाए, ताकि एयरपोर्ट के संचालन की कार्यवाही आगे बढ़ सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट पर चल रहे कार्यों संत्री पोस्ट, गार्ड रूम पंप रूम, मेट ऑफिस, लैगेज रूम बाउंड्री वॉल के साथ ड्रेन आदि का निरीक्षण किया तथा अवर अभियंता उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को वर्तमान में चल रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होने एयरपोर्ट पर आई नई फायर फाइटिंग व्हीकल का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में हवाई सेवा शुरू होने से लोगों को रोजगार मिलेगा तथा नये संसाधनों का रास्ता भी खुलेगा। जिससे जनपद में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होने कहा कि यह जनपद भगवान बुद्ध तपोस्थली होनें के नाते यहां देश-विदेश से हर वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। अन्य राज्यो एवं जिलों से जुड़ सकेंगे, जिससे रोज़गार को भी बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी इकौना रोहित, निदेशक एयरपोर्ट ऑथारिटी ऑफ इण्डिया सत्येंद्र यादव, अवर अभियंता राजेंद्र प्रसाद एवं संतोष मोर्या सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।